पहला सावन सोमवार | कड़ी सुरक्षा और उत्कृष्ट व्यवस्थाओं के बीच शांतिपूर्ण भोलेनाथ का जलाभिषेक किया

# हजारों श्रद्धालुओं ने किए श्रीदेव जागेश्वर नाथ के दर्शन





**नवभारत,बांदकपुर/दमोह। श्रावण मास के प्रथम सोमवार पर आस्था का अद्भुत सैलाब श्रीदेव जागेश्वर नाथ जी मंदिर में उमड़ पड़ा। सोमवार प्रातः चार बजे से भगवान श्रीदेव जागेश्वर नाथ जी का जलाभिषेक प्रारंभ हुआ मंदिर ट्रस्ट व जिला प्रशासन द्वारा पूर्व से बनाई गई व्यापक व्यवस्थाओं के कारण हजारों श्रद्धालुओं ने शांतिपूर्ण, सुरक्षित व सुव्यवस्थित ढंग से भगवान भोलेनाथ के दर्शन व जलाभिषेक का पुण्य लाभ प्राप्त किया श्रावण सोमवार पर श्रद्धालुओं की अत्यधिक भीड़ को देखते हुए गर्भगृह में प्रवेश पूर्णतः निषिद्ध रखा गया।**

मंदिर ट्रस्ट द्वारा शास्त्रसम्मत तथा सुव्यवस्थित व्यवस्था के अंतर्गत श्रद्धालुओं के लिए गर्भगृह के बाहर से ही भगवान शिव पर जल अर्पित करने की विशेष व्यवस्था की गई। इससे एक ओर गर्भगृह की गरिमा व सुरक्षा बनी रही, वहीं दूसरी ओर श्रद्धालुओं को बिना किसी अव्यवस्था के जलाभिषेक करने का अवसर मिला मंदिर परिसर में सुरक्षा व व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन व मंदिर ट्रस्ट ने संयुक्त रूप से व्यापक प्रबंध किए। दर्शन मार्ग पर सुदृढ़ बैरिकेडिंग की गई, जिससे श्रद्धालुओं की कतारें व्यवस्थित रूप से आगे बढ़ती रहीं मंदिर परिसर व प्रमुख मार्गों पर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा इसके साथ ही लगभग 60 सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से संपूर्ण मंदिर परिसर, दर्शन मार्ग, प्रवेश व निकास द्वारों पर निरंतर निगरानी रखी गई। किसी भी प्रकार की आपात स्थिति से निपटने के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क व सक्रिय रहा श्रद्धालुओं के मार्गदर्शन व सहयोग के लिए लगभग 100 वॉलंटियर, मंदिर ट्रस्ट के कर्मचारी तथा विभिन्न सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं के स्वयंसेवक निरंतर सेवाकार्य में लगे रहे।कतार व्यवस्था, पेयजल, वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं व दिव्यांग श्रद्धालुओं की सुविधा तथा भीड़ नियंत्रण के लिए अलग-अलग दल नियुक्त किए गए इन सभी व्यवस्थाओं के कारण श्रद्धालुओं को दर्शन के दौरान किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ा।श्रावण सोमवार की व्यवस्थाओं को लेकर प्रशासन ने पूर्व से ही व्यापक तैयारी की थी इससे पहले जिला कलेक्टर व जिला पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि (भापुसे)द्वारा मंदिर परिसर का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए थे.

### यातायात व्यवस्था को भी सुव्यवस्थित रखा गया

श्रद्धालुओं के सुरक्षित व सुगम आवागमन को सुनिश्चित किया यातायात व्यवस्था को भी सुव्यवस्थित रखा गया ताकि मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कठिनाई न हो।मंदिर ट्रस्ट की ओर से भी व्यवस्थाओं की निरंतर मॉनिटरिंग की गई मंदिर ट्रस्ट के मंत्री पंकज हर्ष श्रीवास्तव व अनुराग श्रीवास्तव ने मंदिर परिसर का भ्रमण कर सभी व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित कर्मचारियों व स्वयंसेवकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए उन्होंने विशेष रूप से श्रद्धालुओं की सुविधा, स्वच्छता, सुरक्षा व अनुशासन बनाए रखने पर बल दिया.

मंदिर ट्रस्ट के प्रबंधक पंडित श्रीराम कृपाल पाठक ने बताया कि श्रावण सोमवार भगवान शिव की आराधना का अत्यंत पवित्र व महत्वपूर्ण अवसर होता है। इस दिन दूर-दूर से हजारों श्रद्धालु श्रीदेव जागेश्वर नाथ जी के दर्शन व जलाभिषेक के लिए पहुंचते हैं इसी को ध्यान में रखते हुए मंदिर ट्रस्ट ने जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन के सहयोग से हर संभव बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित की,जिससे श्रद्धालुओं को सुरक्षित व सुगम दर्शन का लाभ प्राप्त हो

## पैदल आने वाले श्रद्धालुओं को ठंडे जल और स्वादिष्ट चाय की सेवा



श्रावण मास के पहले सोमवार को बांदकपुर धाम में भोले बाबा को जल अर्पित करने व दर्शन के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से पैदल आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या भी हजारों में रही।जिसमें माताएं,बूढ़े,बच्चे,युवा सभी में उत्साह दिखा। सभी श्रद्धालुओं को ठंडे जल और स्वादिष्ट चाय की सेवा दमोह आनू मार्ग पर शिवभक्तों द्वारा की गई।राम गौतम ने बताया कि पर्वों पर हजारों लाखों भक्तों की उपस्थिति होती है। जिसमें अनेक धर्म प्रेमी भक्त अलग अलग सेवा भी करते हैं जैसे चाय,प्रसाद,भंडारा ,जल आदि सेवा करते हैं,जिससे यात्रियों श्रद्धालुओं को बहुत ही प्रसन्नता सुविधा होती है। भोले बाबा की नगरी में भव्य विशाल व्यवस्थित कॉरिडोर निर्माण विस्तार होने से अनेक सुविधाएं श्रद्धालुओं यात्रियों को मिलेगी। भीड़ में भी सहज दर्शन,प्रसाद, भोजन,उठने बैठने स्थान,वाहन पार्किंग,रुकने हेतु धर्मशालाएं,सुलभ कॉम्प्लेक्स आदि। इसलिए भव्य कोरिडोर निर्माण में सभी धर्म प्रेमी श्रद्धालुओं यात्रियों को भी बोलना चाहिए।

## श्रावण भर चलेगा पार्थिव शिवलिंग निर्माण व रुद्राभिषेक



श्रावण मास के पावन पर्व पर 30 जुलाई 2026 से 27 अगस्त 2026 तक श्री शिव हनुमान मंदिर, जेल लाइन दमोह में प्रतिदिन असंख्य पार्थिव शिवलिंग निर्माण व रुद्राभिषेक पूजन का भव्य दिव्य आयोजन शुरू हो गया है।प्रति वर्ष की परंपरा के अनुसार पूरे श्रावण माह यहां विधि-विधान के साथ यह पवित्र अनुष्ठान संपन्न किया जाता है। दमोह शहर के अनेक शिवभक्त पूरे माह भगवान शिव की भक्ति में लीन होकर इस पावन अनुष्ठान में भाग ले रहे हैं।धार्मिक मान्यता है कि भगवान भोलेनाथ के दरबार में उनके सम्मुख बैठकर पार्थिव शिवलिंग निर्माण और रुद्राभिषेक पूजन करने से शिव भक्तों की मनोकामनाएं शीघ्र पूर्ण होती हैं। मंदिर पुजारी आचार्य संजय गौतम ने बताया कि पार्थिव पूजन से पंचतत्वों से बने मनुष्य शरीर को मुक्ति मिलती है और शिव तत्व की प्राप्ति होती है। हमें शिवलिंग निर्माण शास्त्र विधि के अनुसार ही करना चाहिए, न कि दिखावे व आडम्बर से। अगर शिवलिंग निर्माण कर रहे हैं तो वह शिवलिंग ही हो, मूर्ति का आकार न दिया जाए। तभी हमारी प्राचीन वैदिक परंपरा सार्थक होगी।मंदिर समिति ने बताया कि पूरे माह श्रद्धालुओं के लिए पार्थिव शिवलिंग निर्माण और सामूहिक रुद्राभिषेक की व्यवस्था की गई है।

## नर्मदे हर की भावना से शुरू हुआ मां नर्मदा रसोई परिवार, हर पूर्णिमा को जागेश्वर धाम में भंडारा



नर्मदे हर, हर महादेव की जयकार के साथ मां नर्मदा रसोई परिवार द्वारा भगवान जागेश्वर नाथ धाम में हर पूर्णिमा को भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। यह भंडारा अब 7 पूर्णिमाओं से अनवरत जारी है।मां नर्मदा रसोई परिवार के संयोजक मनोज तिवारी ने बताया कि भंडारा केवल भोजन करने का साधन नहीं है। यह मां नर्मदा के प्रति सेवा, श्रद्धा और समर्पण है। यहां न कोई जाति है,न अमीर-गरीब। सभी एक साथ बैठकर भजन करते हैं। यह मां नर्मदा का प्रसाद है।उन्होंने बताया कि दिसंबर 2025 में उन्होंने मां नर्मदा की परिक्रमा की थी। परिक्रमा के दौरान चार अन्य साथी भी साथ थे। वहीं मां की प्रेरणा से मन में संकल्प जागा कि परिक्रमा मार्ग में लोग इतनी सेवा करते हैं तो हम भी कुछ करें।वहीं से आकर मां नर्मदा मैया ने हमें एक पौधा दिया। अपने नाम का वह पौधा हमने जागेश्वर धाम में श्मां नर्मदा रसोई परिवारश् के नाम से स्थापित किया। आज वह पौधा धीरे-धीरे बड़ा हो रहा है मनोज तिवारी ने कहा।

## सांसद पत्नी राधिका सिंह ने भी किया जलाभिषेक



सावन माह के पहले सोमवार को श्री जागेश्वर नाथ धाम बांदकपुर में आस्था का अद्भुत नजारा देखने को मिला। अलग-अलग जिलों और गांवों से हजारों भक्त बोल बम, हर महादेव के जयकारे लगाते हुए पैदल बांदकपुर पहुंचे भक्तों ने कई किलोमीटर पैदल चलकर बाबा का जलाभिषेक किया और मनोकामनाएं मांगीं पूरे मार्ग में शिव भक्ति का माहौल रहा इस दौरान दमोह सांसद राहुल सिंह की पत्नी श्रीमती राधिका सिंह ने भी देर सुबह हिंडोरिया से पैदल चलकर बांदकपुर पहुंचीं। उन्होंने श्री जागेश्वर नाथ का नर्मदा जल से अभिषेक कर विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया। श्रीमती राधिका सिंह ने मंदिर में प्रदेश और जिले की खुशहाली के लिए प्रार्थना की। इस दौरान मंदिर ट्रस्ट और प्रशासनिक अधिकारियों ने उनका स्वागत किया।

## सावन माह के प्रथम सोमवार पर शिवालयों में उमड़ा आस्था का सैलाब



**नवभारत,पथरिया/दमोह** .श्रावण माह के प्रथम सोमवार को नगर के शिवालयों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। भगवान शिव के दर्शन और जलाभिषेक के लिए भक्तों की लंबी कतारें देखने को मिलीं। हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोष से मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण में डूबा रहा।श्रावण मास प्रारंभ होते ही श्रद्धालु पूरी श्रद्धा और उत्साह के साथ भगवान भोलेनाथ की आराधना में जुट गए हैं। नगर के छोटे-बड़े सभी शिव मंदिरों में भक्तों ने जल,दूध,बेलपत्र, धतूरा, पुष्प एवं अन्य पूजन सामग्री अर्पित कर भोलेनाथ का अभिषेक किया तथा परिवार की सुख-समृद्धि, स्वास्थ्य और खुशहाली की कामना की।श्रावण मास को सनातन धर्म में अत्यंत पवित्र और पुण्यदायी माना जाता है। मान्यता है कि इस माह में भगवान शिव की सच्चे मन से की गई पूजा-अर्चना और व्रत का विशेष फल प्राप्त होता है। इसी आस्था के चलते सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा और दिनभर शिवभक्ति का माहौल बना रहा।

### एक नजर में



#### बांटी साइकिलें, विद्यार्थियों के चेहरे पर दिखी खुशी

**नवभारत,पथरिया/दमोह** .शासकीय उच्चतर उत्कृष्ट माध्यमिक विद्यालय में साइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को साइकिलें वितरित की गईं। साइकिल मिलने पर विद्यार्थियों के चेहरे पर खुशी नजर आई। कार्यक्रम में मंत्री पुत्र लोकेंद्र पटेल,जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि उदयभान पटेल,कपिल दुबे,प्रीतम पटेल मौजूद रहे।अतिथियों ने विद्यार्थियों को साइकिलें वितरित कर उन्हें नियमित रूप से विद्यालय आने और मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। साइकिल मिलने से विद्यार्थियों को स्कूल आने-जाने में सुविधा मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय का स्टाफ और विद्यार्थी भी मौजूद रहे।



#### सांसद राहुल सिंह लोधी ने की शाह से विशेष मुलाकात

**नवभारत,दमोह।** सोमवार अपरान्ह केंद्रीय गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह से संसद भवन, नई दिल्ली में शिष्टाचार भेंट कर समसामयिक विषयों पर चर्चा कर मार्गदर्शन प्राप्त किया।

#### पुष्पेन्द्र पटैल बने भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश सह संयोजक



**नवभारत,दमोह।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा द्वारा प्रदेश स्तर पर कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए दमोह जिले की पथरिया विधानसभा निवासी पुष्पेन्द्र पटैल को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है। संगठन ने उन्हें भाजपा किसान मोर्चा (सोशल मीडिया विभाग) में प्रदेश सह संयोजक का दायित्व सौंपा है।संगठनात्मक कार्यों में लंबे समय से सक्रिय रहे पुष्पेन्द्र पटैल इससे पूर्व भारतीय जनता युवा मोर्चा में जिला सह मीडिया प्रभारी, पश्चिम मध्य रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य व पूर्व केंद्रीय मंत्री व वर्तमान में मध्य प्रदेश शासन के पंचायत व ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल की निजी पदस्थापना में भी रह चुके हैं।

# दतिया चुनाव जीतने से कांग्रेस में जश्न का माहौल



**नवभारत,दमोह।** म.प्र.में हुए एकमात्र दतिया उपचुनाव की जीत से उत्साहित जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने गाजे बाजे पटाखे फोड़कर मिठाई वितरित कर विजयी जुलुस निकाला।दतिया उपचुनाव में अपने साथियों सहित सक्रिय भागीदारी करने वाले जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मानक पटेल ने कहा यह चुनाव तो केवल झांकी है भाजपा की कथित नीतियों से आम जनता उब चुकी है इस चुनाव से उनकी उल्टी गिनती शुरू हो चुकी हैं। वीरेन्द्र दबे, तिलन सींग, नितिन मिश्रा, परम यादव,प्रदीप पटेल, रजनी ठाकुर, लालचंद राय, वीरेन्द्र राजपूत, प्रफुल्ल श्रीवास्तव, अरविन्द तिवारी, दीपक श्रीवास्तव, बंसत कुशवाहा, शमीम कुरैशी, मुकेश रोहिताश,लाखन सींग, अजय जाटव, गीता लोधी, नौशाद खान, अभिषेक यादव, कमला निषाद,मंजीत यादव,शानु जुनेजा,डिम्पल सेन, अथलेश सोनी, रियाज खान, वीर सिंहपूर्व विधायक अजय टंडन ने कहा कि बिहार में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का पूर्व गृह मंत्री म.प्र. व भाजपा जिला अध्यक्ष अपना पोलिंग बूथ ही हार गये इससे बड़ी विडंबना क्या हो सकती है।पूर्व नपाध्यक्ष मनु मिश्रा ने कहा कि इस जीत से कांग्रेस कार्यकर्ताओ में उत्साह है .



## जीत को संगठन की मजबूती का प्रतीक बताया

**कुम्हारी नवभारत 3 अगस्त।** नगर में दतिया विधानसभा में कुंवर घनश्याम सिंह की जीत पर बस स्टैंड में कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष सेवा दल कल्याण सिंह एवं कार्यकर्ताओं और युवाओं ने जश्न मनाया। इस अवसर पर ढोल-नगाड़ों और बाजे-गाजे के साथ आतिशबाजी की गई तथा कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में जिला सचिव अभिषेक जैन तथा सक्रिय सदस्य एवं युवा नेता आशुतोष दुबे के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने 'कांग्रेस जिंदाबाद' के नारों से माहौल को जोशपूर्ण बना दिया। इस दौरान इनकी रही उपस्थिति गोविन्द ठाकुर, घूमन चौधरी, आशीष ठाकुर, मंजू चौबे, पंकज रैकवार सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता एवं युवा उपस्थित रहे। कार्यकर्ताओं ने दतिया की जीत को संगठन की मजबूती का प्रतीक बताते हुए इसे जनता के विश्वास की जीत बताया।

## सिंग्रामपुर में जश्न, पटाखे फोड़कर बांटी मिठाइयां



**नवभारत,सिंग्रामपुर/दमोह.** दतिया विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी घनश्याम सिंह की लगभग 6,000 मतों से जीत के बाद सिंग्रामपुर क्षेत्र में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक जश्न मनाया।पोड़ी तिराहा पर कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़े, एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की खुशी साझा की और कांग्रेस के समर्थन में नारे लगाए।इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि दतिया उपचुनाव की यह जीत पार्टी के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है। जश्न में प्रमुख रूप से दीपक यादव, प्रमोद धनगर, गोलू विश्वकर्मा, कैलाश तेकाम, दिनेश साहू, कारे सिंह, हर्षिल जैन, गुड्डा शुक्ला, शंकर सिंह, भैया यादव, नितिन सोनकर, मुंशी विश्वकर्मा, शिव सिंह, सौरभ झरिया, मंगल ठाकुर, राजकुमार राय, सत्यम झरिया सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं समर्थक उपस्थित रहे।

## कांग्रेस की जीत का जश्न,नगर में निकला विजय जुलूस



**नवभारत,जबेरा/दमोह.** दतिया चुनाव में कांग्रेस की विजय के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखने को मिला। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ओमप्रकाश शर्मा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने जीत की खुशी का जोरदार जश्न मनाया।इस अवसर पर कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दी। इसके बाद गाजे-बाजे के साथ नगर में विजय जुलूस निकाला गया। जुलूस के दौरान कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस के समर्थन में नारे लगाए और पूरे उत्साह के साथ जीत का उत्सव मनाया। जश्न के दौरान कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़कर अपनी खुशी का इजहार किया। नगर में निकले विजय जुलूस के चलते उत्सव जैसा माहौल बना रहा। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ओमप्रकाश शर्मा ने इस जीत को जनता का विश्वास बताते हुए कहा कि कांग्रेस जनहित के मुद्दों पर लगातार कार्य करती रहेगी।

# कलेक्टर ने दिए एक दिन का वेतन काटने के निर्देश

▶ 5 विभागों के 48 अधिकारी-कर्मचारी अनुपस्थित



**नवभारत,दमोह।** आमजन की समस्याओं के समयबद्ध निराकरण और कार्यालयों में अनुशासन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने जिले के पांच विभागों का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कुल 48 अधिकारी-कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए। इनमें जिला पंचायत के 13,ग्रामीण यांत्रिकी सेवा (आरईएस) के 7,आजीविका मिशन के 5,जनजाति कार्य विभाग के 4 तथा जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के 19 अधिकारी-कर्मचारी शामिल हैं।निरीक्षण के दौरान आरईएस के कार्यपालन यंत्री,जिला शिक्षा अधिकारी, जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग तथा आजीविका मिशन के जिला परियोजना प्रबंधक (डीपीएम) भी अनुपस्थित मिले। कलेक्टर ने सभी अनु पस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को समय पर कार्यालय पहुंचने तथा आमजन के कार्यों का तत्परता, संवेदनशीलता और कानून के दायरे में रहकर समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करें.



## ओवरलोड वाहनों पर सख्त कार्रवाई, 41,000 का प्रशमन शुल्क वसूला

**नवभारत,दमोह।** पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि (भा.पु.से.) के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन में यातायात थाना प्रभारी निरीक्षक दलबीर सिंह मार्को एवं यातायात पुलिस दमोह द्वारा विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाकर ओवरलोड वाहनों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की गई।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से अनियंत्रित होकर पलटा ट्रैक्टर, मौत



**नवभारत,दमोह.** पटना खुर्द के पास अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलटने से सवार चालक की मौत हो गई। बताया गया कि हादसे में गंभीर चालक को इलाज के लिए शनिवार दोपहर परिजन दमोह जिला अस्पताल लेकर पहुंचे थे,जहां डॉक्टर मधुर चौधरी ने चेकअप के बाद मृत घोषित कर दिया।प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक बहादुर पिता रामलाल बंसल,उम्र 48 वर्ष,निवासी पटना खुर्द थाना नोहटा बताया गया है।परिजनों में पुत्र लखन ने बताया कि पिता बहादुर ट्रैक्टर की सर्विसिंग कराने के लिए दमोह आए थे। सर्विसिंग होने के बाद जब वे ट्रैक्टर लेकर वापस घर जा रहे थे, तभी रास्ते में अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मारदी जिससे ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए।सूचना पर पहुंचे परिजनों ने उन्हें तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया, लेकिन उपचार से पहले ही उनकी मौत हो चुकी थी।

बैठक | अफवाह फैलाने वालों पर भी होगी कार्रवाई

# दमोह मंडी में अब बिना पूर्व सूचना नहीं होगा बंद




**नवभारत,दमोह।** दमोह कृषि उपज मंडी समिति में सोमवार को अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) व भारसाधक अधिकारी सौरभ गंधर्व की अध्यक्षता में व्यापारी संघ, हम्माल संघ, किसान संगठनों और मंडी प्रशासन की संयुक्त बैठक आयोजित हुई।बैठक में मंडी की व्यवस्था, सुरक्षा और सुचारु संचालन को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।बैठक में किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री गोपाल पटेल, भारतीय किसान संघ के राम पटेल, व्यापारी संघ अध्यक्ष नरेंद्र बजाज, भाजपा किसान मोर्चा अध्यक्ष महराज सिंह, हम्माल संघ अध्यक्ष रामेश्वर चौधरी सहित व्यापारी, हम्माल व मंडी प्रशासन के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### बैठक में लिए गए प्रमुख निर्णय

किसी भी संगठन द्वारा प्रदर्शन, धरना या मंडी बंद का निर्णय लेने से पहले कम से कम एक सप्ताह पूर्व सूचना देना अनिवार्य होगा। यदि निर्धारित अवधि में मांगों का समाधान नहीं होता है, तभी आगे की कार्रवाई की जाएगी।किसी भी व्यक्ति द्वारा किसी संगठन की आड़ लेकर अनधिकृत रूप से मंडी बंद कराने या नीलामी बाधित करने का प्रयास करने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।मंडी परिसर में बने विश्राम गृहों का संचालन व निगरानी मंडी समिति करेगी तथा सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे।मंडी परिसर में आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों को किसी भी प्रकार का सहयोग नहीं दिया जाएगा और किसानों के हितों को प्रभावित करने वालों पर भी कार्रवाई की जाएगी। व्यापारी व हम्माल संघ बिना पूर्व सूचना के मंडी बंद या नीलामी प्रभावित नहीं करेंगे। मंडी परिसर में चोरी की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए पुलिस, राजस्व व मंडी कर्मचारियों का संयुक्त दल गठित किया जाएगा तथा चोरी करते पाए जाने वाले व्यक्तियों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया जाएगा।मंडी से संबंधित सोशल मीडिया पर भ्रामक या अफवाह फैलाने वाली जानकारी प्रसारित करने वालों के विरुद्ध भी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।मंडी परिसर में स्थित पूजा स्थल की आस्था का सम्मान बनाए रखते हुए किसी प्रकार का अतिक्रमण या विवाद उत्पन्न नहीं होने दिया जाएगा।

### हम्माल संघ अध्यक्ष ने जताया खेद

बैठक के दौरान हम्माल संघ अध्यक्ष रामेश्वर चौधरी ने कहा कि यदि उनके किसी व्यवहार या कथन से व्यापारी प्रतिनिधि मनोज जैन सहित किसी की भावनाएं आहत हुई हैं तो वे इसके लिए खेद व्यक्त करते हैं। उन्होंने अपने शब्द वापस लेते हुए सभी से क्षमा भी मांगी।बैठक के अंत में मंडी प्रशासन ने सभी पक्षों से सहयोग बनाए रखने तथा किसानों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की अपील की।

## पुलिस ने जुआ पकड़कर कार्रवाई की

नवभारत,दमोह। जिले के पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि( भापुसे) के निर्देशन में थाना प्रभारी कुम्हारी बृजेश पांडे के नेतृत्व में एएसआई अलजार सिंह, धर्मेंद्र दुबे प्रआ सहित पुलिस ने घेराबंदी कर गरीब 9000 रुपए नगदी का जुआ पकड़कर कार्रवाई की है। साथ में एक करीब 10 लाख की चार पहिया वाहन भी जप्त किया।

दमोह न्यायालय का ऐतिहासिक फैसला

# पशुओं पर क्रूरता करने वालों को जब्त मवेशी वापस नहीं मिलेंगे



**नवभारत,जबेरा/दमोह।** पशु संरक्षण व जीवदया के क्षेत्र में दमोह जिले से एक ऐतिहासिक न्यायिक निर्णय सामने आया है।द्वितीय अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश,दमोह ने 31 जुलाई 2026 को दिए अपने महत्वपूर्ण फैसले में स्पष्ट किया है कि पशुओं के प्रति क्रूरता के अपराध में दोषी पाए गए व्यक्तियों को जब्त किए गए मवेशी वापस नहीं दिए जा सकते। न्यायालय ने यह भी निर्देशित किया कि पशुओं के प्रति क्रूरता (केस प्रॉपर्टी पशुओं की देखरेख व भरण-पोषण) नियम, 2017 के नियम 8(1) का अनिवार्य रूप से पालन किया जाए।यह फैसला श्री विद्या श्री जीवदया व समाज कल्याण समिति, जबेरा द्वारा दायर आपराधिक अपील पर आया, जिसे समिति के अध्यक्ष सम्यक जैन ने न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कराया।

### क्या था पूरा मामला

23 मार्च 2026 को थाना जबेरा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक पिकअप वाहन को रोककर जांच की। वाहन में 5 पड़िया, 2 पाड़े व 2 भैंस सहित कुल 9 मवेशियों को अत्यंत अमानवीय एवं क्रूरतापूर्ण तरीके से ठूंस-ठूंसकर भरकर ले जाया जा रहा था। वाहन चालक के पास पशुओं के परिवहन से संबंधित आवश्यक दस्तावेज नहीं मिले।